राष्ट्रपति भवन में केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपतियों एवं राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थानों के निदेशकों के दो दिवसीय 'विजिटर कांफ्रेंस' का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए हमें पठन-पाठन के आधुनिक और नवोन्मेषी तौर तरीकों पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता हासिल करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के परिवर्तनकारी फायदों का उपयोग करने की जरूरत है ताकि शिक्षण एवं पठन-पाठन के अनुभवों एवं तरीकों को समृद्ध बनाया जा सके। इस सम्मेलन में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे।

डिजिटल प्रौद्योगिकी के फायदों का जिक्र करते हुए कोविंद ने कहा कि जब महामारी के कारण पठन-पाठन के पटरी से उतरने का खतरा उत्पन्न हो गया था, तब प्रौद्योगिकी ने इसे जारी रखना सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि कठिनाइयां हैं, इसमें कोई शक नहीं है, लेकिन यह देखना सुखद है कि निर्बाध रूप से शिक्षण, मूल्यांकन, शोध आदि कार्य चल रहे हैं।



राष्ट्रपति ने कहा कि देश स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा है और इस कार्यक्रम के शुरुआती सत्र में इस विषय को स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे उच्च शैक्षणिक संस्थान इसके केंद्र में हैं क्योंकि हमारे युवा नागरिक न केवल अतीत के उत्तराधिकारी हैं बल्कि आने वाले स्वर्णिम समय में भारत का नेतृत्व करने वाले भी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च शैक्षणिक संस्थाओं पर युवाओं में बदलाव लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। कोविंद ने कहा कि शिक्षा से जुड़े बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता को बेहतर बनाना काफी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया में सर्वश्रेष्ठ मानदंड स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि यह जानकर काफी अच्छा लगा कि इस वर्ष 'क्यूएस रैंकिंग' में 35 भारतीय संस्थानों ने स्थान बनाया, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 29 थी। उन्होंने नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की दिशा में उठाए गए कदमों का भी उल्लेख किया।

'जीआइएस' नक्शे पर आएंगे देश के राजमार्ग

पंकज रोहिला
नई दिल्ली, 7 जून

देश के राजमार्ग को तलाशना जल्द ही और आसान होगा। ये राजमार्ग जल्द ही कम्प्यूटर माउस के एक क्लीक पर उपलब्ध होंगे। इसके लिए राजमार्गो को जियोग्राफिक इन्फोरमेशन सिस्टम (जीआइएस मैपिंग) पर चिहित करने के लिए राज्य सरकारें काम शुरू करेंगी। इसके लिए केंद्रीय परिवहन और सड़क मंत्रालय ने सभी राज्यों को आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था जमीनी स्तर परियोजना लागू करने से पूर्व प्रबंधन प्रक्रिया को भी आसान बनाएगी।

मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में राज्य सरकारों को कहा गया है कि केंद्र सरकार ने जीआइएस मैपिंग के कार्य को अपने प्राथमिक स्तर के कार्यो में शामिल किया है, लेकिन अभी तक भी यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। हाल ही में भास्कराचार्य नेशनल इस्टीट्यूट फार स्पेश एप्लीकेशन और जियो इन्फोरमेशन गांधी नगर (बीआइएसएजीएन), गुजरात ने जीआइएस सर्वेक्षण किया है। सर्वेक्षण में करीब 1.30 लाख किलोमीटर क्षेत्र को चिहित किया गया है। मंत्रालय ने सभी विभागों को देशभर में इस सर्वेक्षण की जमीनी स्तर पर जांच करने के आदेश दिए है ताकि इसे लागू किया जा सके। आदेश में बताया गया है कि राजमार्ग प्राधिकरण की स्थानीय जांच यूनिट और बीआइएसएजीएन मिलकर सभी राजमार्गो की जीएसआइ मैपिंग के कार्य को पूर्ण करेंगे।

> ***योजनाओं*** को तेजी से लागू करने के लिए केंद्र सरकार की पहल
>
> ***अब*** देश भर की एजंसियां जमीनी स्तर पर यह खाका तैयार करेंगी

इस कार्य में राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), आरसीडी, एनएचआइडीसीएल और बीआरडी द्वारा स्थानीय स्तर पर एजंसी की मदद करेंगे। इस दौरान संबंधित एजंसियां अपने कार्य क्षेत्र के तहत आने वाले राजमार्ग की परियोजना और मार्ग की जीआइएस मैपिंग पर काम करेंगे। इसके अतिरिक्त इन विभागों को कहा गया है कि अगर उनके पास राजमार्ग से संबंधित पहले से ही कोई लिखित जानकारियां उपलब्ध है तो उसकी जानकारियां भी संबंधित एजंसी को उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए सभी राज्यों को मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश सख्ती से पालन करने का आदेश दिया गया है। विशेषज्ञ बताते हैं कि परियोजनाओं को जमीनी स्तर पर आने से पूर्व उन योजनाओं पर पहले कागजी स्तर पर काफी काम करना होता है। राजमार्ग के विस्तार की योजना केंद्र सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है और जीआइएस लागू होने की स्थिति में देश के सभी राजमार्गो की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। अगर कहीं पर राजमार्ग का विस्तार करना है तो उसके बदलाव के लिए पहले चरण का कार्य आसानी से केंद्रीय स्तर पर संभव हो सकेगा। मार्ग पर होने वाले बदलावों की जानकारियां भी इस पर उपलब्ध कराई जा सकती है। इसके लिए बाद में जमीनी स्तर पर जांच कर परियोजना को लागू किया जा सकेगा। भविष्य में इस माडल को बेहतर बनाकर सरकारी विभाग अपने ताममेल के लिए भी प्रयोग कर सकेंगी।

दोपहिया पर पीछे बैठे लोगों के हेलमेट नहीं पहनने पर होगी कार्रवाई

मुंबई, 7 जून (भाषा)।

मुंबई में यातायात पुलिस चौकियां गुरुवार (नौ जून) से हेलमेट नहीं पहनने पर दोपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ पीछे बैठे लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई शुरू करेंगी। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मुंबई पुलिस ने हाल में एक अधिसूचना जारी करके दोपहिया वाहन पर पीछे बैठे लोगों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया है। पुलिस ने इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कारवाई की चेतावनी दी थी। पुलिस उपायुक्त (यातायात) आर रोशन ने कहा कि अगर दोपहिया वाहन चालक और उनके पीछे बैठने वाला व्यक्ति हेलमेट पहने बिना पाए जाएंगे, तो उनके खिलाफ गुरुवार से कार्रवाई की जाएगी। हम उनका लाइसेंस तीन महीने के लिए निलंबित करेंगे और उन पर 500 रुपए का जुर्माना लगाएंगे।

सभी 50 यातायात चौकियों से उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस चालान काटेगी और लोगों से कानून का पालन करने को कहेगी।

पत्नी की गोली मार कर हत्या, सास घायल

पुणे, 7 जून (भाषा)।

महाराष्ट्र के पुणे जिले के शिरूर इलाके में अदालत के पास मंगलवार को 45 वर्षीय व्यक्ति ने अलग रह रही पत्नी की कथित तौर पर गोली मार कर हत्या कर दी और सास को घायल कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुणे के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिनव देशमुख ने बताया कि गोलीबारी दोपहर करीब 12 बजे लोक निर्माण विभाग परिसर में हुई, जो सिविल अदालत के पास स्थित है। देशमुख ने कहा कि आरोपी दीपक धवले सेना से सेवानिवृत्त हुआ है। धवले मंजुरा को गुजारा भत्ते देने को लेकर चल रहे विवाद की सुनवाई के लिए आटोरिक्शा में अंबरनाथ से शिरूर गया था, इस दौरान धवले के साथ उसका भाई भी मौजूद था। उन्होंने बताया कि धवले ने मंजुरा और सास तुलसा बाई जांबारे पर कथित तौर पर गोलियां चलाईं। अधिकारी ने कहा कि धवले बंधु गोली मारने के बाद आटोरिक्शा में सवार होकर भाग गए, लेकिन पुलिस ने उन्हें रंजनगांव इलाके के पास से दबोच लिया। उन्होंने बताया कि मंजुरा ने दम तोड़ दिया, जबकि सास तुलसा बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। देशमुख ने बताया कि पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई लाइसेंसी बंदूक बरामद कर ली है।

सिविल सेवा परीक्षा में विफल रहने पर अभ्यर्थी ने की आत्महत्या

नागपुर, 7 जून (भाषा)।

महाराष्ट्र में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में तीन बार विफल होने से निराश सिविल सेवा के 28 वर्षीय छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि नागपुर के जरीपटका इलाके के निवासी ब्लेसन पुट्ठू चाको ने रविवार को अपने घर में उस वक्त पंखे से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली, जब वह अकेला था। बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद चाको ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी।

जरीपटका पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि वह तीन बार परीक्षा पास करने में विफल रहे और निराश हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि रविवार की सुबह चाको ने यह कदम तब उठाया, जब उनके पिता चर्च गए हुए थे। जरीपटका पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है।

संरक्षित वन पर केरल सरकार की चुप्पी के खिलाफ हड़ताल

पथनमथिट्टा, 7 जून (भाषा)।

केरल के पथनमथिट्टा जिले की सात पंचायतों में मंगलवार को कांग्रेस की ओर से आयोजित एक दिवसीय हड़ताल के कारण दुकानें बंद रहीं और सड़कों पर वाहन नहीं दिखे। संरक्षित वन के पास पर्यावरण के लिहाज से संवदेनशील क्षेत्र (ईएसजेड) के संबंध में सर्वोच्च अदालत के आदेश और इस मामले में केरल सरकार की कथित चुप्पी को लेकर कांग्रेस ने यह हड़ताल आयोजित की।

शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों सहित प्रत्येक संरक्षित वन के बाहर एक किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) होना चाहिए। अदालत ने कहा कि पूरे देश के ऐसे पार्कों के भीतर खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिन पंचायतों में हड़ताल का आयोजन किया गया उनमें अरुवापलम, थन्नीथोड, चित्तर, वडसेरिक्कारा, पेरिनाड और सीताथोडु शामिल हैं।

सुबह छह बजे से शुरू हुई हड़ताल के बाद से मेडिकल स्टोर को छोड़कर अधिकांश दुकानें बंद रहीं और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रभावित रहीं। शीर्ष अदालत के निर्देश को लागू करने के संबंध में चिंता व्यक्त करने के लिए स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला और बैठकें कीं। उन्होंने राज्य की एलडीएफ सरकार पर इस मुद्दे पर चुप रहने का भी आरोप लगाया, जिससे आम लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

> ***शीर्ष*** अदालत ने हाल ही में एक निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों सहित प्रत्येक संरक्षित वन के बाहर एक किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) होना चाहिए।

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कई निर्देश जारी करते हुए तीन जून को आदेश दिया था कि ऐसे ईएसजेड के भीतर किसी भी स्थायी ढांचे की अनुमति नहीं दी जाएगी। पीठ ने कहा कि यदि स्थानीय कानून या अन्य नियम एक किलोमीटर से अधिक का ईएसजेड प्रदान करते हैं, तो पहले के प्रावधान लागू रहेंगे।

शीर्ष अदालत का आदेश वर्ष 1995 से लंबित एक जनहित याचिका को लेकर दायर आवेदनों पर आया। याचिका में राजस्थान के वन्यजीव अभयारण्य जमुआ रामगढ़ और उसके आसपास खनन गतिविधियों से संबंधित दो मुद्दों को उठाया गया है। इसके अलावा याचिका में वन्यजीव अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास ईएसजेड निर्धारित करने से संबंधित था। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शीर्ष अदालत के निर्देश का स्वागत किया था, लेकिन यह भी कहा कि ईएसजेड में पड़ने वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के हितों की भी रक्षा करनी होगी।

जिन्दल यूनाइटेड स्टील लिमिटेड
CIN - U28113HR2014PLC053875
पंजीकृत कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005, हरियाणा
फोन नं. +91-011-26188345, फैक्स नं. +91-11-41659169
ई-मेल आईडी : jindalunited@gmail.com, वेबसाइट : www.jindalunitedsteel.com
कार्पोरेट ऑफिस : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066

प्रपत्र सं. सीएए 2
[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 (3) और कंपनी (समझौता, प्रबंध और समामेलन) नियम 2016 के नियम 6 और 7 के अनुसार]
माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, चण्डीगढ़ पीठ के समक्ष
कंपनी आवेदन संख्या सीए (सीएए) सं. 8/Chd/Hry/2022

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में;
एवं
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 और अन्य लागू प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों के मामलों में
एवं
जिन्दल यूनाइटेड स्टील लिमिटेड और जिन्दल कोक लिमिटेड के बीच व्यवस्था की समग्र योजना के मामले में

जिन्दल यूनाइटेड स्टील लिमिटेड
[CIN: U28113HR2014PLC053875],
कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित एक मौजूदा कंपनी और कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी, जिसका पंजीकृत कार्यालय ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005, हरियाणा में है।
फोन : +91-011-26188345,
फैक्स : +91-11-41659169
वेबसाइट : www.jindalunitedsteel.com;
ई-मेल : jindalunited@gmail.com
आवेदक कंपनी सं. 1 / समामेलित कंपनी

जिन्दल यूनाइटेड स्टील लिमिटेड ("कंपनी") के सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों की बैठक की सूचना और विज्ञापन सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी आवेदन सं. सीए (सीएए) सं. 8/Chd/Hry/2022 में माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, चण्डीगढ़ पीठ ("एनसीएलटी") के दिनांक 10 मई, 2022 के आदेश ("आदेश" के रूप में संदर्भित) द्वारा एनसीएलटी ने निर्देश दिया है कि कंपनी के सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों की बैठक ("बैठक") कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 और अन्य लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों ("अधिनियम") के अंतर्गत जिन्दल यूनाइटेड स्टील लिमिटेड ("समामेलित कंपनी") और जिन्दल कोक लिमिटेड (समामेलित होने वाली कंपनी) और उनके संबंधित शेयरधारकों और ऋणदाताओं ("स्कीम") के बीच व्यवस्था की समग्र योजना पर विचार करने, और यदि उचित समझा जाय, अनुमोदन, संशोधन के साथ या बिना संशोधन के; के उद्देश्य से आयोजित किया जाय।

आदेश के अनुसरण में और उसमें निर्देशित के अनुसार में और अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि समामेलित कंपनी के सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो वीडियो साधनों (वीसी / ओएवीएम) की सुविधा के माध्यम से निम्नानुसार आयोजित किया जायेगा:-

क्रम सं.	बैठक	बैठक का दिन और तिथि	बैठक का समय
1	सुरक्षित लेनदार	शनिवार, 9 जुलाई, 2022	पूर्वान्ह 10:30 बजे
2	असुरक्षित लेनदार	शनिवार, 9 जुलाई, 2022	पूर्वान्ह 11:30 बजे

उपरोक्त बैठकों का प्रमाणित स्थल समामेलित कंपनी का पंजीकृत कार्यालय अर्थात् ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार, हरियाणा-125005 माना जायेगा।

स्कीम की प्रति, अधिनियम की धारा 102, 230 से 232 के अंतर्गत व्याख्यात्मक विवरण के साथ सूचना, (समझौता, प्रबंधन और समामेलन) कंपनी नियम, 2016 और अनुलग्नकों के साथ, समामेलित कंपनी की वेबसाइट अर्थात् www.jindalunitedsteel.com और लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ("लिंक इनटाइम") कंपनी का पंजीयक और शेयर ट्रांसफर एजेंट, जो कि ई-वोटिंग और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए समामेलित कंपनी द्वारा नियुक्त एजेंसी है, की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in/ पर भी देखा जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति स्कीम की भौतिक प्रति प्राप्त करना चाहता है, तो उसे समामेलित कंपनी को jindalunited@gmail.com अनुरोध करना होगा, जिसे इस निवेदन के 1 (एक) दिन के भीतर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा, किसी भी व्यक्ति द्वारा उद्धरण प्राप्त करने या निरीक्षण के लिए समामेलित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005, हरियाणा में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक किसी भी दिन (शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाश के अलावा) बैठक की तिथि से पहले निवेदन किया जा सकता है।

एनसीएलटी ने सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों की बैठक के लिए श्री न्यायाधीश सुरेन्द्र गुप्ता (सेवानिवृत्त) को अध्यक्ष और श्री यशपाल गुप्ता, अधिवक्ता को वैकल्पिक अध्यक्ष और सुश्री निलांची गर्ग, चार्टर्ड एकाउंटेंट को उपरोक्त बैठकों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। स्कीम, यदि सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों द्वारा अनुमोदित की जाती है, एनसीएलटी के अनुवर्ती अनुमोदन, और यथावश्यक, विनियामक प्राधिकरणों के अन्य अनुमोदन (नों), अनुमति (यों) तथा स्वीकृति (यों) के अधीन होगी।

बैठक में भाग लेने और मतदान के लिए अधिकृत व्यक्ति संबंधित सूचना में दिये गये निर्देशों का पालन करके उपरोक्त बैठक में रिमोट ई-वोटिंग / ई वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं।

कम्पनी की उपरोक्त बैठक में भाग लेने और मतदान करने के अधिकृत सुरक्षित और असुरक्षित लेनदारों सदस्य अपनी ओर से उपस्थित होने और मतदान करने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करने के लिए अधिकृत हैं। चूंकि सुरक्षित और असुरक्षित लेनदारों की बैठक प्रासंगिक एमसीए सर्कुलर और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एनसीएलटी के निर्देशों के अनुसार आयोजित होना है, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति को समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार, सुरक्षित और असुरक्षित लेनदारों की बैठक के लिए सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों के लिए ई-वोटिंग की कट-ऑफ तिथि मंगलवार, 10 मई, 2022 है। उपरोक्त बैठक के लिए रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा 9 जुन, 2022 को प्रातः 9.00 बजे (भारतीय मानक समय) से शुरु होगी और 8 जुलाई, 2022 को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी। उपरोक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा लिंक इनटाइम द्वारा समाप्त कर दी जायेगी। उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और संकल्प पर एक बार मतदान करने के बाद किसी व्यक्ति को इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

सुरक्षित लेनदार और असुरक्षित लेनदार, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 10 मई, 2022 को समामेलित कंपनी के सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों की सूची में होगी, वे संबंधित बैठकों के दौरान रिमोट ई-वोटिंग / ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के लिए अधिकृत होंगे। सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों के वोटिंग का अधिकार कट-ऑफ तिथि अर्थात् मंगलवार, 10 मई, 2022 को समामेलित कंपनी द्वारा देय बकाया राशि के अनुपात में होगी।

सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान किया था, वे संबंधित बैठक के दौरान ई-वोटिंग के पात्र नहीं होंगे। हॉलांकि सुरक्षित लेनदार और असुरक्षित लेनदार रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी संबंधित बैठक में भाग ले सकते हैं परंतु उन्हें फिर से मतदान की अनुमति नहीं दी जायेगी।

सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों, जिन्होंने समामेलित कंपनी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किये हैं और जो ई-वोटिंग सहित वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों के बैठक की सूचना और / या लॉगिन विवरण प्राप्त करना चाहते हैं, अब अपने ई-मेल पते को समामेलित कंपनी के साथ पंजीकृत कर सकते हैं। इस प्रयोजन हेतु वे पूरा पता और पंजीकृत करवाने हेतु ई-मेल पता का उल्लेखयुक्त स्वहस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन की गई प्रति, पैन कार्ड और अपने पंजीकृत पते के समर्थन में किसी दस्तावेज की स्वसत्यापित प्रति ई-मेल द्वारा समामेलित कंपनी को jindalunited@gmail.com पर भेज सकते हैं।

ई-वोटिंग से संबंधित किसी प्रश्न या शिकायत के संबंध में सुरक्षित लेनदार और असुरक्षित लेनदार https://instavote.linkintime.co.in पर सहायता अनुभाग देख सकते हैं या श्री स्वप्न कुमार नस्कर, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और हेड (उत्तर भारत), लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट सं. एनएच 2, एलएससी, सी-1 ब्लॉक, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से फोन नं.- (011) 41410592/93/94 (ई-मेल swapann@linkintime.co.in) पर या समामेलित कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 07 जून, 2022
श्री न्यायाधीश सुरेन्द्र गुप्ता (सेवानिवृत्त)
बैठक हेतु नियुक्त अध्यक्ष

नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड
ट्रेडवर्ल्ड, ए विंग, 4थी मंज़िल, कमला मिल्स कम्पाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअरपरेल, मुंबई - 400013.

सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि NSDL उपनियम 6.5.1 के प्रावधानों के तहत अलाइड फाइनैंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड (AFSPL) (DP ID: IN301452) की प्रतिभागिता को समाप्त कर दिया गया है और इसकी सूचना AFSPL को दे दी गयी है।

सभी ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी अन्य प्रतिभागी के साथ एक नया खाता खोलें और उनकी प्रतिभूतियों को दूसरे प्रतिभागी के साथ खोले गये खाते में हस्तांतरित करायें। अगर कोई ग्राहक एनएसडीएल की प्रतिभागिता के दौरान AFSPL द्वारा दी गयी डिपॉज़िटरी सेवाओं के संबंध में कोई शिकायत या विवाद दर्ज करना चाहता है, तो वह इसकी सूचना लिखित रूप में ऑफिसर इनचार्ज, इनवेस्टर रिलेशनशिप सेल, नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड, 4थी मंज़िल, ट्रेड वर्ल्ड, कमला मिल्स कम्पाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013 को जुलाई 8, 2022 से पहले दे सकता है या relations@nsdl.co.in पर ईमेल कर सकता है। इस तिथि के बाद किसी भी शिकायत/दावे/विवाद की सुनवाई नहीं होगी।

नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड
हस्ताक्षरकर्ता
विशाल गज्जर
उपाध्यक्ष

प्ररूप संख्या आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में
और
युग सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड
(CIN: U72100HR1976PTC041987)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : 20, टीसीसी, पहली मंजिल, सैक्टर-10, फरीदाबाद, हरियाणा-121006 में है, के मामले में
....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अधीन आवेदन का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय "हरियाणा राज्य" से "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" में स्थानांतरित करने के लिए 23 मई, 2022 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110003 पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजें।

20, टीसीसी, पहली मंजिल, सैक्टर-10, फरीदाबाद, हरियाणा-121006

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
युग सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 07.06.2022 — परवीन मेंदीरत्ता (निदेशक)
स्थान : फरीदाबाद — डीआईएन : 02390998

प्ररूप संख्या आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में
और
क्लाउडफार्म प्राइवेट लिमिटेड
(पूर्व में लैंडैक्स प्राइवेट लिमिटेड और इंपीरियल इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN: U01403DL2006PTC267821)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : 29, प्रैजीडेंशियल एस्टेट, निजामुदीन पूर्व, नई दिल्ली- 110013 में है, के मामले में
....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अधीन आवेदन का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "पंजाब राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए 02 जून, 2022 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110003 पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजें।

29, प्रैजीडेंशियल एस्टेट, निजामुदीन पूर्व, नई दिल्ली- 110013

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
क्लाउडफार्म प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 07.06.2022 — मानविंदर सिंह (निदेशक)
स्थान : नई दिल्ली — डीआईएन : 00025729

एकेजी एक्जिम लिमिटेड
AKG Exim Limited
CIN: L00063DL2005PLC139045
पंजीकृत कार्यालय: एच.बी. ट्विन टावर, 07 मंजिल, मैक्स अस्पताल भवन, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
कॉर्पोरेट कार्यालय - यूनिट नंबर 237, दूसरी मंजिल, टावर-बी, स्पेजेज, सेक्टर-47, गुरुग्राम-122018, हरियाणा
वेबसाइट: www.akg-global.com, ईमेल आईडी:-csakg@akg-global.com
दूरभाष: +91-124-4267873, फैक्स: +91-124-4004503

डाकीय मतपत्र/ई-मतदान की सूचना

एतद्द्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए"), भारत सरकार द्वारा निर्गत तथा सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 ("सूचीकरण विनियमावली") तथा कुछ समय के लिए लागू हो उसके किसी सांविधिक संशोधन अथवा पुनर-अधिनियमन तथा अन्य लागूयोग्य कानून, यदि कोई, समय-समय पर संशोधितानुसार, "कोविड-19-समय का विस्तार-संदर्भ को ध्यान में रखकर कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत विरचित नियमावली के साथ पठित नियमों के अंतर्गत कंपनियों द्वारा साधारण एवं विशेष संकल्पों के पालन पर स्पष्टीकरण" के संबंध में सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल 2020, संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल 2020, संख्या 22/2020 दिनांकित 15 जून 2020, संख्या 33/2020 दिनांकित 28 सितंबर 2020, संख्या 39/2020 दिनांकित 31 दिसंबर 2020, संख्या 10/2021 दिनांकित 23 जून 2021 तथा संख्या 20/2021 दिनांकित 8 दिसंबर 2021 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली 2014 के नियम 22 (कुछ समय के लिए लागू हो उसके किसी सांविधिक संशोधन अथवा पुनर-अधिनियमन सहित) के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 के प्रावधानों तथा अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के अनुसार एकेजी एक्जिम लिमिटेड ("कंपनी") जो है वह दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान के माध्यम से डाकीय मतपत्र सूचना दिनांकित 30 मई 2022 ("सूचना") में निर्धारितानुसार संकल्प को पारित करके अपने सदस्यों से अनुमोदन मांग रही है।

कोविड-19 द्वारा परिचालन अनुरक्षा को ध्यान में रखकर तथा एमसीए परिपत्रों के अनुसार तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 102 एवं 110 के प्रावधानों एवं अन्य लागूयोग्य प्रावधानों, यदि कोई हो, के अनुपालन में, डाकीय मतपत्र सूचना ईमेल द्वारा केवल उन सदस्यों को प्रेषित कर दी गई है जो कंपनी अथवा डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत कर चुके हैं। सदस्यों की सहमति अथवा असहमति केवल दूरस्थ ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से प्राप्त की जाएगी। डाकीय मतपत्र सूचना हमारी वेबसाइट www.akg-global.com पर भी उपलब्ध कराई जा रही है।

जिन शेयरधारकों की ई-मेल आईडी डिपॉजिटरीज के साथ पंजीकृत नहीं हुई है उनके लिए प्रयोक्ता आईडी एवं पासवर्ड की अधिप्राप्ति तथा संकल्पों के लिए ई-मतदान हेतु ईमेल आईडी के पंजीकरण की प्रक्रिया इस सूचना में निर्धारित है

1 यदि शेयरों का धारण भौतिक प्रारूप में किया गया है तो कृपया फोलियो नं. शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैन प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वयं-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं-सत्यापित स्कैन प्रति) ईमेल द्वारा csakg@akg-global.com पर भेजकर उपलब्ध कराएं।

2 यदि शेयरों का धारण डिमैट मोड में किया गया है तो कृपया डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकीय डीपीआईडी सीएलआईडी अथवा 16 अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित लेखा विवरण, पैन (पैन कार्ड की स्वयं-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं-सत्यापित स्कैन प्रति) की प्रति csakg@akg-global.com को भेजकर उपलब्ध कराएं।

3 सूचना उन सभी सदस्यों के लिए प्रेषित/प्रकाशित/प्रदर्शित कर दी गई है, जिनके नाम शुक्रवार 27 मई 2022 कट-ऑफ तिथि के अनुसार नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) से प्राप्तानुसार सदस्यों की पंजिका में प्रविष्ट हैं।

सूचना में विनिर्दिष्ट व्यवसाय पर अपना मतदान करने के लिए सदस्यों को ई-मतदान सुविधा निम्नलिखित अवधि हेतु उपलब्ध रहेगी

मतदान का प्रारंभ: बुधवार 08 जून 2022 (10.00 बजे आईएसटी)
मतदान का समापन: गुरुवार 07 जुलाई 2022 (5.00 बजे आईएसटी)

इस समयावधि में कंपनी के सदस्य जो कट-ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार 27 मई 2022 के अनुसार चाहे भौतिक रूप में अथवा अभौतिक रूप में रखता शेयरों का धारण किए हुए हैं, वे इलेक्ट्रॉनिक रूप में अपना मतदान कर सकते हैं। ई-मतदान की अनुमति गुरुवार 07 जुलाई 2022 को सायं 5.00 बजे के उपरांत नहीं दी जाएगी। इसके उपरांत मतदान हेतु एनएसडीएल द्वारा ई-मतदान मॉड्यूल को अयोग्य कर दिया जाएगा। एक सदस्य द्वारा यदि एक बार संकल्प पर मतदान कर दिया जाता है तो सदस्य को बाद में इसमें बदलाव करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

निदेशक मंडल ने डाकीय मतपत्र प्रक्रिया की एक समुचित एवं पारदर्शी प्रविधि के द्वारा जांच-पड़ताल करने के लिए श्री नगर गोयल, मैसर्स नगर गोयल एंड कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज के स्वामी को एक जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया है। डाकीय मतपत्र के परिणाम की घोषणा कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में शुक्रवार 08 जुलाई 2022 को की जाएगी तथा परिणाम को कंपनी की वेबसाइट www.akg-global.com पर भी अपलोड/प्रदर्शित किया जाएगा।

ई-मतदान की प्रक्रिया को समझने के लिए सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु "फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स" तथा ई-मतदान प्रयोक्ता पुस्तिका का संदर्भ ग्रहण करें अथवा टोल फ्री नं 1800-1020-990/1800-224-430 पर कॉल करें अथवा evoting@nsdl.co.in पर एक अनुरोध प्रेषित करें।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एकेजी एक्जिम लिमिटेड
हस्ता/-
स्थान: गुरुग्राम — सचिव
दिनांक 07 जून 2022 — कंपनी सचिव

optiemus ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड
CIN : L64200DL1993PLC054086
पंजीकृत कार्यालय: के -20, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर - II, नई दिल्ली-110024
कॉर्पोरेट कार्यालय: डी-348, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307
वेबसाइट: www.optiemus.com | ईमेल: info@optiemus.com
फोन: 011-29840906

प्रेस विज्ञापन

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्रों के खोने/गुम होने की सूचना दी गई है और ऐसे शेयर प्रमाणपत्र धारकों ने डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी को आवेदन किया है:

क्रम सं	फोलियो नं	शेयरधारक का नाम	प्रमाणपत्र संख्या	विशिष्ट संख्या	शेयरों की संख्या
1.	2036	नरिंदर कौर	2235	222721-222820	100
2.	2072	अमोल रमन लाल ज़वेरी	18533	1852401-1852500	100
			36166-36169	3615701-3616100	400
3.	0840	वुडलैंड सिक्योरिटीज लिमिटेड	36609-36616	3660001-3660800	800
			36619-36628	3661001-3662000	1000
			36635-36637	3662601-3662900	300
			36639-36640	3663001-3663200	200
			36642-36643	3663301-3663500	200
			36652-36654	3664301-3664600	300
			36662	3665301-3665400	100
			36669-36670	3666001-3666200	200
			36687-36690	3667801-3668200	400
			36720-36721	3671101-3671300	200
			36732	3672301-3672400	100
			36746-36748	3673701-3674000	300
			36761	3675201-3675300	100
			36767	3675801-3675900	100

कोई भी व्यक्ति(यों) जिसका उक्त प्रमाणपत्र(त्रों) के संबंध में कोई दावा(वे) है, उसे कंपनी 'ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड' के पास डी-348, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307 में स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में ऐसा दावा करना चाहिए या इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर info@optiemus.com पर हमें लिखें, जिसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और कंपनी डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेगी।

ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
दिनांक: 07 जून, 2022 — विकास चड्ढा
स्थान: दिल्ली — कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

"प्रपत्र सं. आइएनसी-26"
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार के समक्ष उत्तरी क्षेत्र,
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
बेसिक 3 कंसल्टेंसी प्राईवेट लिमिटेड
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : जे-27 दूसरा फ्लोर जगतपुर नई दिल्ली डीएल 110048 इन में स्थित है
....याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "पंजाब राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 06.06.2022 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : जे-27 दूसरा फ्लोर जगतपुर नई दिल्ली डीएल 110048

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
बेसिक 3 कंसल्टेंसी प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 06.06.2022 — जगदीश सिंह
स्थान : नई दिल्ली — निदेशक
डीआईएन : 02832309
(5-ए, पॉकेट-6, एमआईएफ फ्लैट, मयूर विहार, फेस-3, वसुंधरा एन्क्लेव एस.ओ. ईस्ट दिल्ली-110096)

www.readwhere.com